प्रेस नोट

दिनांक 11.03.2025

पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत दंगा नियंत्रण/ बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर के परेड ग्राउंड में गठित जोनल दंगा नियंत्रण टीम के साथ दंगा नियंत्रण/बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। आज दिनांक 11.03.2025 को आयोजित इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दंगा नियंत्रण संबंधी आवश्यक तैयारियों को परखना तथा पुलिस बल को दंगा निरोधी उपकरणों एवं रणनीतियों की विस्तृत जानकारी देना था। इस दौरान समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरणों जैसे एंटी-राइट गन, रबर बुलेट, अश्रु गैस गोले, ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, कैन शील्ड, हैंड गार्ड एवं लेग गार्ड आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इन उपकरणों की जांच के उपरांत पुलिस बल को अल्प समय में इन्हें धारण कर दंगा नियंत्रण करने का अभ्यास भी कराया गया।

बलवा ड्रिल हेतु पुलिस की विशेष पार्टियां गठित की गईं, जिनका उद्देश्य बलवा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना था। प्रत्येक टीम को उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनके कार्यों को व्यावहारिक रूप से समझाया गया।

ड्रोन सर्विलांस टीम को स्थिति की सतत निगरानी और पुलिस को वास्तविक समय में अपडेट देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। फ्रंटलाइन पार्टी को भीड़ को नियंत्रित करने का कार्य सौंपा गया, जबकि अश्रु गैस एवं ग्रेनेड ऑपरेशन टीम को दंगाई भीड़ को तितर-बितर करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। जल तोप टीम को जरूरत पड़ने पर भीड़ पर नियंत्रण हेतु जल तोप के प्रयोग का निर्देश दिया गया। पकड़-धकड़ टीम को दंगाइयों की पहचान एवं गिरफ्तारी का कार्य सौंपा गया, जबकि बैकअप एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को अप्रत्याशित परिस्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया। मेडिकल एवं राहत टीम को घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा संचार एवं वायरलेस टीम को सभी यूनिट्स के बीच समन्वय बनाए रखने का कार्य दिया गया। अंत में, यातायात नियंत्रण टीम को क्षेत्र में जाम एवं अन्य व्यवधानों को रोकने के निर्देश दिए गए। अभ्यास के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदया ने सभी टीमों को उनके कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण की नवीनतम रणनीतियों, संयम एवं कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई ताकि वे किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति से कुशलतापूर्वक निपट सकें। इस अभ्यास से यह सुनिश्चित किया गया कि जनपद हमीरपुर की पुलिस आगामी त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा किसी भी उपद्रव से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात/ डायल-112, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स जनपद हमीरपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।